# 24 बाल साहित्यकारों को मिलेगा साहित्य अकादमी सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** साहित्य अकादमी दिल्ली का बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह इस बार बाल दिवस पर लखनऊ में होगा। दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन 14 नवम्बर को शाम पांच बजे भागीदारी भवन गोमतीनगर में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित और साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक भारतीय भाषाओं के 24 बाल साहित्यकारों को 50-50 हजार की राशि और ताम्रफलक देकर पुरस्कृत करेंगे। दूसरे दिन 15 नवम्बर को लेखकों का वैचारिक सत्र सुबह से हिन्दी संस्थान में होगा। अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव से मिली जानकारी के अनुसार बाल साहित्य पुरस्कार-2024 प्राप्त करने वाले लेखकों में रंजु हजारिका (असमिया), दीपान्विता राय (बांग्ला), भार्जिन जेकभा मोसाहारी (बोडो), बिशन सिंह दर्दी (डोगरी), नंदिनी सेन गुप्ता (अंग्रेज़ी), गिरा पिनाकिन भट्ट (गुजराती), देवेन्द्र कुमार (हिन्दी), कृष्णमूर्ति बिलिगेरे (कन्नड़), मुजफ्फर हुसैन दिलबर (कश्मीरी), हर्षा सद्गुरु शेटये (कोंकणी), नारायणजी (मैथिली), उन्नी अम्मायंबलम् (मलयालम), क्षेत्रिमयुम सुवदनी (मणिपुरी), भारत सासणे (मराठी), वसंत थापा (नेपाली), मानस रंजन सामल (ओड़िआ), कुलदीप सिंह दीप (पंजाबी), प्रहलाद सिंह झोरड़ा (राजस्थानी), हर्षदेव माधव (संस्कृत), दुगाई टुडु (संथाली), लाल होतचंदानी लाचार (सिंधी), युमा वासुकि (तमिल), पामिदिमुक्कला चंद्रशेखर आजाद (तेलुगु) और शम्सुल इस्लाम फ़ारूक़ी (उर्दू) का नाम शामिल है। 15 नवम्बर को सुबह 10 बजे से हिन्दी संस्थान के निराला सभागार में पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ लेखक सम्मेलन होगा। इसमें पुरस्कार विजेता अपने वक्तव्य तथा रचनात्मक लेखन के अनुभव कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में साझा करेंगे।